# विज्ञान की क्रांतिकारी उपलब्धियां

---

जब भी विज्ञान शब्द की बात होती है लोग आधुनिक आविष्कारों के बारे में सोचने लगते हैं लेकिन इसका इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। विज्ञान प्रकृति के हर वस्तु में विद्यमान है। विज्ञान संसार की सबसे अनमोल उपलब्धि है।

जब मानव विज्ञान से परिचित नहीं था, उसका जीवन पशु के समान था। मानव पशुओं की भांति जंगलों और गुफाओं में रहता था। भोजन के रूप में फल-फूल, कंद-मूल एवं पशुओं का शिकार करके प्रयोग करता था। मांस को कच्चा ही खाता था। इन सब के कारण वे हमेशा अनेक रहस्यमयी बीमारियों से पीड़ित रहते थे और उनकी अकाल मृत्यु भी हो जाती थी। लेकिन विज्ञान के प्रयोगों ने मानव को पशु से मानव बना दिया। उनका जीवन सुंदर हो गया।

विज्ञान के ज्ञान से मानव ने सर्वप्रथम आग का आविष्कार किया। यह मानव की सबसे बड़ी खोज थी जिसने उसके जीवन को पूरी तरह से बदल कर रख दिया। अब वह कच्चा मांस खाने के बजाय उसे भून कर खाने लगा इससे बीमारियों का खतरा कम हो गया। अंधेरे में पशुओं के डर से मुक्ति मिली। अब वो गुफाओं में रात के अंधेरे पर विजय पा चुके थे। कालांतर में उन्होने आग से जंगलों को साफ करने की तकनीक सीखी और खेती करना शुरू किया इससे उनके घुमंतू जीवन का अंत हुआ और वे अब स्थायी रूप से एक जगह घर बना कर रहने लगे।

विज्ञान की उपलब्धियों के अगले चक्र में चाक का आविष्कार हुआ जिसने मनुष्यों के जीवन को गति दी। इससे वह अब बैलगाड़ी जैसे वाहन बनाकर लंबी दूरियाँ अपने सामानों के साथ तय कर सकता था। आज मनुष्यों ने विज्ञान के मदद से हर क्षेत्र में पैठ बना ली है। आज कोई चीज असंभव नहीं रही। गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। रेफ्रीजरेटर, एसी, आधुनिक वाहन, कम्प्युटर, टीवी, टेलीफ़ोन व मोबाइल आदि ने हमारी जिंदगी को बदल कर रख दिया है। कृत्रिम सामग्रियों की भरमार है। मानव अंग तक विकसित कर लिए गए हैं। चाँद पर घर बनाने की बात हो रही है। मौसम पर या तो विजय पा ली गयी है या प्रयास किया जा रहा है। पहले ये माना जाता था की पृथ्वी के चारों ओर सूर्य घूमती है

लेकिन न्यूटन ने प्रमाणित कर दिखाया की सूर्य स्थिर है और पृथ्वी उसके चारों ओर घूमती है जिससे मौसम बदलता है और दिन रात होता है। ये बातें विज्ञान के ज्ञान से पहले बकवास थी।

विज्ञान ने हमारे जीवन को इतना सुलभ कर दिया है कि हमारे लिए कुछ भी असंभव नहीं रह गया है। आस से 100 वर्ष पहले यदि कोई ये कहता कि मोबाइल जैसी कुछ चीज़ होगी और इससे घर बैठे हजारों किमी दूर बैठे लोगों से संवाद कर सकते हैं और उन्हें देख सकते हैं तो सब हमारा मज़ाक उड़ाते। लेकिन आज 3जी के माध्यम से और इंटरनेट के माध्यम से घर बैठे अपने परिचितों से संवाद संभव है।

जब तक चाँद पर मानव के कदम नहीं पड़े थे तो वह एक पहेली के समान थी। लेकिन आज हमने वहाँ अपने कदम रख लिए हैं। अगला कदम मंगल ग्रह की ओर है। भारत ने सफलतापूर्वक अन्तरिक्ष में मंगल यान को स्थापित कर संसार में भारत का लोहा मनवाया है।

पूरे विश्व में अनेकों आविष्कार किए जा रहे हैं। कृत्रिम अंग प्रत्यारोपन आम बात होती जा रही है। हजारों आदमियों का काम चोटी सी मशिन कर रही है। कुछ बातें हैं जो रहस्य बनी हुई हैं लेकिन निकट भविष्य में उसका भी हल ढूंढ लिया जाएगा।

उपरोक्त चीजें विज्ञान की उपलब्धियों का ही तो बखान करती है। आज हम अपना जीवन विज्ञान से हटकर सोच भी नहीं सकते। हालांकि इससे प्रकृति के साथ खिलवाड़ हुआ है और उसे नुकसान पहुँच रहा है, लेकिन आशा है की हमारे वैज्ञानिक इसका भी समाधान ढूंढ लेंगे।